302

आज दिनांक 19.01.2022 को श्री योगेन्द्र सिंह, भा०प्र०से०, जिलाधिकारी, समस्तीपुर की अध्यक्षता में जिला गुणवत्ता यकीन समिति की बैठक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय प्रकोष्ठ में आहुत की गई, जिसकी कार्यवाही निम्न है :–

उपस्थिति :– पंजी के अनुसार

22/2/22

सर्वप्रथम सिविल सर्जन द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों एवं अन्य पदाधिकारीगण का स्वागत किया गया।

❖ कार्यपालक अभियंता, PHED विभाग, समस्तीपुर को सभी स्वास्थ्य संस्थान में पानी की जाँच हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से पत्राचार करने हेतु निदेशित किया गया।

(अनुपालन :– विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय प्रशाखा, समस्तीपुर)

❖ नगर निगम, समस्तीपुर को निदेशित किया गया कि सदर अस्पताल, समस्तीपुर से जेनरल वेस्ट का उठाव कराने हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से पत्र प्रेषित किया जाये।

(अनुपालन :– विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय प्रशाखा, समस्तीपुर)

❖ कायाकल्प कार्यक्रम अन्तर्गत जिले के 05 संस्थान का Peer Assessment करने एवं Gap Analysis करने हेतु निदेशित किया गया।

(अनुपालन :–जिला सलाहकार गुणवत्ता यकीन एवं DRU, Care India, समस्तीपुर)

❖ सभी स्वास्थ्य संस्थान का साफ–सफाई हेतु Area Measurment करने हेतु भवन निर्माण विभाग एवं LAEO के द्वारा कराते हुए किसी दूसरे विभाग से जाँच कराने का निर्देश दिया गया।

(अनुपालन :– भवन निर्माण विभाग, LAEO, DPM, समस्तीपुर)

❖ कालाजार से पीड़ित लाभार्थी को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ के लिए उप विकास आयुक्त, समस्तीपुर के समक्ष सूची उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया।

(अनुपालन :– जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी, समस्तीपुर)

❖ स्वास्थ्य विभाग के सभी कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की तैयारी करने हेतु दो सप्ताह का समय दिया गया। साथ ही WHO, Unicef, Care के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग के समीक्षा से संबंधित अगले एक वर्ष में लक्ष्य प्राप्त करने हेतु प्लान तैयार करने का निर्देश दिया गया।

(अनुपालन :– CS/DPM/WHO, Unicef & Care India , समस्तीपुर)

❖ परिवार कल्याण ऑपरेशन हेतु डॉ0 के0सी0 विद्यार्थी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मोरवा, डॉ0 अनुपम कुमारी एवं डॉ0 सुमन कुमारी, अनुमंडलीय अस्पताल, दलसिंहसराय तथा डॉ0 आन्नद प्रकाश, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पटोरी को Empannel किया गया।

(अनुपालन :– सभी संबंधित पदाधिकारी, समस्तीपुर)

❖ डॉ0 राम कुमार पंडित, अनुमंडलीय अस्पताल, पूसा एवं डॉ0 भरत चन्द्रा, अनुमंडलीय अस्पताल, पटोरी को जिला गुणवत्ता यकीन समिति के सदस्य के रूप में नामित किया गया।

(अनुपालन :– उपाधीक्षक, अनुमंडलीय अस्पताल, पूसा एवं पटोरी)

❖ जिला स्वास्थ्य समिति, समस्तीपुर से समन्वय स्थापित कर जिस 05 (पाँच) संस्थान का Peer Assessment किया जा रहा है वहाँ के सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करेंगें।

(अनुपालन :– DRU, Care India , समस्तीपुर)

* सदर अस्पताल, समस्तीपुर में फिजिशियन एवं सर्जन चिकित्सक उपलब्ध नहीं रहने के कारण किसी स्वास्थ्य संस्थान से प्रतिनियुक्ति करने हेतु सिविल सर्जन, समस्तीपुर को संचिका अग्रसारित करने का निर्देश दिया गया।

(अनुपालन :– असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, समस्तीपुर)

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह0/–

सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव,
जिला स्वास्थ्य समिति, समस्तीपुर।

ह0/–

जिलाधिकारी–सह–अध्यक्ष,
जिला स्वास्थ्य समिति, समस्तीपुर।

ज्ञापांक :1296 /डी0एच0एस0, समस्तीपुर दिनांक :08/02/2022

प्रतिलिपिः अस्पताल प्रबंधक एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, समस्तीपुर जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः DTL, Care India, WHO, Unicef, Samastipur को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं जिला सलाहकार गुणवत्ता यकीन, जिला स्वास्थ्य समिति, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः सभी उपाधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, समस्तीपुर जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः सभी सदस्य, जिला गुणवत्ता यकीन समिति, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (गुणवत्ता यकीन), राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय प्रशाखा, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव,
जिला स्वास्थ्य समिति, समस्तीपुर।

जिलाधिकारी–सह–अध्यक्ष,
जिला स्वास्थ्य समिति, समस्तीपुर।